राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–164/2024

मरीजों को मानवीय स्पर्श मिलना आवश्यक है –राज्यपाल

पटना, 16 अगस्त, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महावीर कैंसर संस्थान, फुलवारी, शरीफ, पटना में एम०आर०आई, द्वितीय सी०टी० स्कैन एवं तृतीय लीनियर एक्सीलेटर मशीन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महावीर कैंसर संस्थान मानवता के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इस संस्थान की नींव सेवा भाव पर आधारित है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की उक्ति–''नर सेवा ही ईश्वर की सेवा है'' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संस्थान इसी भाव को लेकर कार्य कर रहा है। नई मशीनें एवं तकनीकें रोगों के उपचार के लिए आवश्यक हैं, किन्तु मरीजों को मानवीय स्पर्श मिलना जरूरी है एवं उनके साथ अच्छा व्यवहार किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महावीर कैंसर संस्थान को मरीजों की चिकित्सा के साथ–साथ उन्हें अच्छी सेवा उपलब्ध कराने में देश का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि मंदिरों में हम पूजा–पाठ करते हैं किन्तु इससे समाज के लोगों की सेवा का संदेश भी मिलता है। हमारे ऋषियों ने भी यही संदेश दिया तथा उन्होंने समाज सेवा का व्रत लिया। आज इसी सेवा व्रत की आवश्यकता है। महावीर कैंसर संस्थान इसी सेवा भावना के साथ मरीजों की सेवा कर रहा है।

कार्यक्रम को महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव आचार्य किशोर कुणाल, महावीर कैंसर संस्थान, पटना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ० एल०बी० सिंह एवं संस्थान की चिकित्सा निदेशक डॉ० मनीषा सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (प्रशासन) डॉ० बी० सन्याल, पदाधिकारीगण, चिकित्सकगण, चिकित्साकर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....